**झारखंड: विजन 2050 को गति देने की तैयारी**

# औद्योगिक निवेश सहित आइटी, एआइ व ई-गवर्नेंस क्षेत्र की संभावनाओं पर रहेगा फोकस



सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सीएम हेमन्त सोरेन को आमंत्रित करते हुए।

## 8-9 जुलाई को नई दिल्ली में जुटेंगे देश-विदेश के उद्योगपति

**रांची @ पत्रिका.** झारखण्ड सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 8 और 9 जुलाई को नई दिल्ली में 'नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन' का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अगुवाई में होने वाले इस कार्यक्रम में राज्य के औद्योगिक, तकनीकी और पर्यटन विकास का रोडमैप खींचा जाएगा। इसमें देश-विदेश के नीति निर्धारक, निवेशक और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे।

यह कार्यक्रम बदलते परिवेश को देखते हुए झारखण्ड में आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, डिजिटल गवर्नेंस, औद्योगिक विकास और पर्यटन के क्षेत्र में संभावनाओं को आगे बढ़ाने तथा 'एक्सप्लोर इंफिनाइट अपॉर्चुनिटीज' के दृष्टिकोण को साकार करने सहित झारखण्ड विजन 2050' के दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। सरकार का मानना है कि इस आयोजन से रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।